18 मार्च को आईनॉक्स विंड लिमिटेड का सार्वजनिक निर्गम खुलेगा

प्रति इक्विटी शेयर प्राइस बैंड 315 रुपये से 325 रुपये के बीच तय

अहमदाबाद गुजरात फ्लूरोकैमिकल्सु लिमिटेड की सब्सिकडियरी आईनॉक्स विंड लिमिटेड (कंपनी) द्वारा बुधवार 18 मार्च 2015 को (प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित) 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को सार्वजनिक निर्गम में खोलने का प्रस्ताव है जिसमें लगभग 7,000 मिलियन रुपये के इक्विटी शेयर के फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल के अंतर्गत गुजरात फ्लूरोकैमिकल्स लिमिटेड (बिक्रीकर्ता शेयरधारक) (ऑफर फॉर सेल) के 10,000,000 इक्विटी शेयर्स शामिल हैं। फ्रेश इश्यू व ऑफर फॉर सेल को संयुक्त रुप से इश्यू कहा जाता है। इश्यू में प्रतिस्पर्धा के आधार पर 500,000 इक्विटी शेयर्स को योग्य कर्मचारियों के सब्सक्रिशन हेतु आरक्षित किया गया है। कर्मचारियों के आरक्षित भाग के अलावा इश्यू को आगे नेट इश्यू कहा जाएगा।

प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड 315 रुपये से 325 रुपये के बीच रखी गई है। यह बिड / इश्यू 20 मार्च, 2015 को बंद होगा। न्यूनतम बिड लॉट 45 इक्विटी शेयरों का होगा और उसके बाद यह 45 इक्विटी शेयरों के गुणकों में होगा। ग्लोबल कोर्डिनेटर्स व बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (जीसी–बीआरएलएमएस) व बुक रनिंग लीड मैनेजर(बीआरएलएम) (जिन्हे संयुक्त तौर पर मैनेजर कहा जाता है) के कंसलटेशन में कंपनी और बिक्रीकर्ता नें योग्य कर्मचारियों व रिटेल इंवेस्टर्स (रिटेल डिस्काउंट) को निर्गम मूल्य पर 15 रुपये की छूट देने का फैसला किया है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे इक्विटी शेयर्स को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किया जाना प्रस्तावित है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, डीएसपी मेरिल लिंच लिमिटेड और एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इस इश्यू के ग्लोबल कोर्डिनेटर्स व बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (जीसी– बीआरएलएम) हैं और यस बैंक लिमिटेड इसका बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

इस इश्यू को बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत भारत के आवंटन प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विनियम 2009 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के अनुसार जारी किया जा रहा है जहां नेट इश्यू का 50 फीसदी हिस्से को अनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) को अलॉट किया जाएगा। मैनेजर्स के कंसलटेशन में कंपनी क्यूआईबी के 60 फीसदी भाग को विवेकाधीन आधार पर एंकर इंवेस्टर आवंटन मूल्य पर एकंर इंवेस्टर्स को आवंटित किया जा सकता है जिसका कम से कम एक तिहाई हिस्सा केवल घरेलू म्युचुअल फंड हेतु आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। एंकर इन्वेस्टर्स बिड/इश्यू के खुलने से एक कार्य दिवस पहले यानि 17 मार्च 2015 को बोली लगाएंगे। एंकर इन्वेस्टर भाग में अंडर सब्सक्रिशन या गैर आवंटन की स्थिति में शेष इक्विटी शेयर्स को नेट क्यूआईबी भाग में जोड़ दिया जाएगा। नेट क्यूआईबी भाग के 5 फीसदी भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले ये शेयर्स म्युचुअल फंड में आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे, और शेष नेट क्यूआईबी भाग आनुपातिक आधार म्युचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी हेतु इश्यू मूल्य या उससे उपर के प्राप्त वैध बिड्स के आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा नेट इश्यू के कम से कम 15 फीसदी हिस्से को आनुपातिक आधार पर गैर संस्थागत बिडर्स के लिए और नेट इश्यू के कम से कम 35 फीसदी भाग को आवंटन के लिए रिटेल इंडिविजुअल बिडर्स हेतु उपलब्ध कराया जाएगा जो इश्यू मूल्य या उससे उपर के प्राप्त वैध बिड्स, और इक्विटी शेयर की उपलब्धता के अधीन है,